**खबर संक्षेप**

## जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल की बैठक का हुआ आयोजन



**शहडोल।** एलआईसी मंडल कार्यालय में 28 अप्रैल को जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल की बैठक मई दिवस को मनाने के लिए रूपरेखा तैयार करने हेतु आयोजित की गई थी, जिसमें यह निर्णय लिया गया की 1 मई को शाम 5:30 से शहडोल में ट्रेड यूनियन काउंसिल के आह्वान पर इंदिरा चौक से एक रैली निकलेगी, जो गुरु नानक चौक, गांधी चौक होते हुए रघुराज स्कूल के सामने एक सभा में तब्दील होगी। बैठक में एलआईसी अधिकारी संघ, विकास अधिकारी संघ, अभिकर्ता संघ एवं ह्यस्त्रद्ध्रद्ध के साथी, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन एमपीएमआरएसयू, एमपीईवी से जनता यूनियन, बीएसएनएल एम्पलाइज यूनियन ,सीटू से आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता, जीआईसी के कर्मचारी संगठन, मध्य प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन, प्रगतिशील लेखक संघ एवं हिंदी साहित्य सम्मेलन के साथी, ऑटो चालक संघ, संविदा स्वास्थ्य कर्मी, फुटपाथ एवं ठेला श्रमिक संघ के प्रतिनिधि बैठक में हिस्सा लिए।

## पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय के कृषि विभाग में आयोजित हुई अभिभावक शिक्षक बैठक



**शहडोल।** विश्वविद्यालय के कृषि विभाग में द्वितीय तथा चतुर्थ सेमेस्टर की नियमित कक्षाएं 01 अप्रैल से शुरू हो गई। विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ममता प्रजापति ने कुलगुरु प्रो. रामशंकर के निर्देशन एवं कुलसचिव डॉ. आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में अभिभावक शिक्षक मीट के द्वारा एक नवाचार की शुरुआत की , अभिभावकों द्वारा बैठक में उपस्थित होकर विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के लिए कई सुझाव रखे गए तथा विभागाध्यक्ष द्वारा विभाग में हो रही प्रायोगिक नवाचार तथा विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों की उपस्थिति को नियमित करने की बात कही गई। इस बैठक को लेकर कई अभिभावक बहुत उत्साहित दिखे क्यूंकि विश्विविद्यालय में अभिभावक शिक्षक बैठक की बात उन्हें पहली बार सुनी थी। बैठक में समस्त शिक्षक स्टाफ डॉ.प्रिया सिंह, रामविकाश जायसवाल, शालिनी मिश्रा, अपराजिता द्विवेदी, शीतल सिंह, आनंद मिश्रा उपस्थित रहे।

## 9 स्थानों से 54 लीटर अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा जिले में शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गए थे। जिसके पालन में 29 अप्रैल को अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही कर 09 स्थानों पर दबिश देकर कुल 54 लीटर कच्ची महुआ जप्त की गई।

## 162 वाहन चालकों पर कार्यवाही

**शहडोल।** जिला पुलिस द्वारा 29 अप्रैल को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 162 चालानों में 71.200 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है।

### ग्रामीणों में हड़कम्प, पटवारी, उपसरपंच ने किया हस्तक्षेप

# काश्तकारों की भूमि से जबरन मिट्टी निकलवाने का प्रयास

**संभाग से लगी ग्रामपंचायत चापा के ग्रामीण क्षेत्रों में भू माफिया ने उत्पात सा मचा रखा है। वह सरकारी जमीनों व नदी नालों को तो अपने उत्खनन का शिकार बना ही रहा है, किसानों की निजी भूमियों पर भी जेसीबी चलवाने से बाज नहीं आ रहा है। मानो सारी जमीन व मिट्टी, मुरुम सब उसी के लिए बनाई गई हो और सब पर केवल उसी का कब्जा है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि प्रशासन ने उसे छूट दे रखी है।**

शहडोल

ग्रामपंचायत चापा अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में भू माफिया इस तरह सक्रिय हैं कि सरकारी जमीनों व तालाबों को तो खुर्द-बुर्द कर ही रहे हैं, खाली पड़ी किसी भी जमीन की खुदाई कर मिट्टी निकालने और बेचने का काम भी कर रहे हैं। इस कार्य में वे किसानों के खेतों व चरागन मैदानों, खलिहानो आदि को भी नहीं छोड़ रहे हैं। ग्रामीण काफी पीड़ति हैं जबकि ग्रामपंचायत की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। हाल ही में प्रेमलाल बैगा व अमरलाल बैगा की निजी आराजियों पर भी नंबर लगा दिया गया। जब काश्तकारों ने विरोध किया और पटवारी व उपसरपंच आदि मौके पर पहुंच गए तो उत्खनन करने वाले जेसीबी, डग्गी आदि लेकर भाग निकले। यह सब सरपंच व सचिव की मिलीभगत से चल रहा है। पूर्व में कुदरी ग्राम का एक बड़ा निशतारी तालाब इसी तरह अवैध उत्खनन और मिट्टी व्यापार की भेंट चढ़ चुका है।



### काश्तकारों की फरियाद काम आई

बताया गया कि चापा गांव की आराजी खसरा नंबर 43 की भूमि काफी दिनों से माफिया की नजरों में गड़ी हुई थी। गत दिवस आखिर माफिया के लोग मशीनों सहित जमीन पर पहुंच गए और मिट्टी उत्खनन शुरू कर दिया। उसी बीच प्रेमलाल व अमरलाल को जानकारी मिल गई। उन्होने तुरंत उपसरपंच आरवेन्द्र सिंह विक्कू व हल्का पटवारी राकेश पाण्डेय से संपर्क कर जानकारी दी। इस सूचना पर उपसरपंच विक्कू, पटवारी राकेश पाण्डेय, पंच प्रमोद सिंह आदि सहित कई लोग मौके पर पहुंच गए। भीड़ देखते ही माफिया के लोग मशीने व वाहन लेकर चंपत हो गए। लेकिन इस कार्रवाई को आगे बढ़ाने के लिए मौका पंचनामा बनवा लिया गया है। इस मामले में कार्रवाई करवाई जाएगी।

### जलाशय भी हैं संकट में

चापा ग्रामपंचायत में माफियाओं का उत्पात दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। इनकी हरकतों के कारण नदी, नाले, तालाब आदि कोई सुरक्षित नहीं बच रहे हैं। नदी नालों व तालाबों के घाट की खुदाई और इसके बाद भराव क्षेत्र की खुदाई कर जलाशयों का अस्तित्व समाप्त करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। पूरे ग्रामपंचायत क्षेत्र में मिट्टी उत्खनन व अवैध प्लाटिंग का काम चल रहा है। पूर्व में कुदरी ग्राम का एक बड़ा निस्तारी तालाब जिसमें गांव के लोग नहाने धोने आदि का काम करते थे, मवेशी पानी पीते थे आज यह तालाब लुप्त हो चुका है। शासन के रिकार्ड में तालाब दर्ज है मगर मौके पर कहीं दिखाई नहीं पड़ता। यह तालाब इसी तरह माफिया की शैतानी भूख की भेंट चढ़ गया।

### ग्रामीण एकजुट हो रहे

जानकारी मिली कि माफिया के लोग चूंकि अब ग्रामीणों की निजी जमीनों को अपना निशाना बनाने लगे हैं और सार्वजनिक निस्तार के रास्तों तथा श्मशान घाट आदि पर कब्जा करने जैसी हरकतें करने लगें हैं इससे ग्रामीणों का रोष धीरे धीरे बढ़ता जा रहा है और वे अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ने के लिए एकजुट होने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे ऐसे आपत्तिजनक कब्जों के खिलाफ मामला दायर करेंगे और लड़ाई लड़ेगें। यदि किसी भी किसान के साथ अन्याय हुआ तो उसे पूरे गांव पर अन्याय माना जाएगा और इसी दृष्टिकोण से लड़ाई निर्धारित की जाएगी। सरपंच व सचिव का कोई भी नाजायज खेल तथा संपत्तियों की अवैध सौदेबाजी की पोल खोलकर उस पर आपत्ति जताई जाएगी।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष का सश्रम कारावास



**शहडोल।** द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायालय पॉक्सो अधिनियम) जिला शहडोल के द्वारा शासन विरूद्ध नरेन्द्र सिंह पनिका उर्फ छोटू को भादवि की धारा 366 में पांच वर्ष का सश्रम कारावास तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 5(एल) सहपठित धारा 6 में बीस वर्ष का सश्रम कारावास एवं धारा 5(जे)(।।) सहपठित धारा 6 में बीस वर्ष का सश्रम कारावास तथा 500-500रूपये के के अर्थदंड से दंडित किया गया। शासन की ओर से प्रकरण में श्रीमती सुषमा सिंह ठाकुर सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा पैरवी की गई।

### यह है मामला

संभागीय जनसंपर्क अधिकारी अभियोजन नवीन कुमार वर्मा द्वारा जानकारी दी गई कि फरियादी थाना में रिपोर्ट लेख कराया कि मेरी लड़की अपनी मौसी के यहां शहडोल में रहकर कक्षा 10वीं में पढ़ाई करती थी। परीक्षा होने के बाद मौसी से बोला की मेरी लड़की को घर भेजवा दो, तब उसकी मौसी 31 मार्च 2022 को करीब 04 बजे दिन में फोन कर बताई कि लड़की बिना बताये चली गई है। आस पास पता तलाश किया जिसका पता नहीं चला। पीड़ िता जब दस्तयाब हुई तो उसने बताई कि आरोपी नरेंन्द्र पनिका जबरजस्ती ट्रेन में बैठाकर पीथमपुर धार ले गया, वहां से मण्डलौदा लेकर गया वहां पर एक किराये के कमरे में रखा, वहां पर मेरे साथ शारीरिक सबंध बनाता था। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरण में डीएनए निगेटिव आया है। मात्र पीड़ति के बताने पर एवं पीड़ति के पिता के द्वारा पीड़ति की आयु के सबंध में कथन देने पर आरोपी को न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध किया गया है। प्रकरण में अभियोजन अधिकारी के द्वारा अंतिम तर्क किया गया है। उक्त प्रकरण में विवेचना उप निरीक्षक वैष्णवी पाण्डेय द्वारा की गई । माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन द्वारा प्रस्तुत किए गए सशक्त तर्कों से सहमत आरोपीगणों को उपरोक्तानुसार दण्ड से दंडित किया गया।

# 6 साल से बाईक चोरी में शामिल शातिर चोर गिरफ्तार

### फर्जी दस्तावेजों को उपयोग कर छत्तीसगढ़ में बेचते थे मोटर सायकल

**शहडोल।** जिले के अलग-अलग स्थान से चोरी हुई 27 मोटर साइकिलों को पुलिस ने जप्त किया है, पुलिस द्वारा मोटरसायकिल चोरी के आरोपियों की लगातार तलाश की जा रही थी। सीसीटीव्ही फुटेज का अवलोकन किया गया, जिसमें एक आरोपी को चिन्हित कर उसकी पता-तलाश की गई, आरोपी राजेश सिंह निवासी ग्राम दरैन थाना सीधी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर शहडोल से बाईक चोरी कर उसके फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेच देते थे। वर्ष 2018 से आरोपी बाईक चोरी के कार्य में लगा हुआ था। पुलिस द्वारा इसके साथ संलिप्त अन्य 3 आरोपियों पारस दास निवासी छत्तीसगढ़, रवि कुशवाहा निवासी ग्राम दरैन थाना सीधी एवं राजेश मौर्य निवासी ग्राम दरैन थाना सीधी को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 27 मोटर सायकिल कुल कीमती लगभग 25 लाख रुपये को बरामद कर जप्त किया गया है।



27 मोटर साइकिलों के साथ 4 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

### गिरफ्तार हुए आरोपी

कुछ दिनों पहले पुलिस लाइन पटेल नगर से एक मोटरसाइकिल चोरी हुई थी, जिसकी शिकायत पुलिस में हुई थी। शिकायत पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज देखे, जिसमें आरोपित की पहचान की गई। पुलिस ने राजेश सिंह पिता स्व. बुद्धसेन सिंह उम्र 35 वर्ष, रवि कुशवाहा पिता बृजेन्द्र नाथ कुशवाहा उम्र 30 वर्ष, राजेश मौर्य पिता मिठाई लाल मौर्य उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम दरैन थाना सीधी, पारस दास पिता स्व. गुलाब दास उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम पोस्ट कोटाडोल छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार किया गया है।

### इनकी रही भूमिका

मोटर सायकिल की दस्तयाबी में थाना प्रभारी कोतवाली राघवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक उपेन्द्र त्रिपाठी, सहायक उपनिरीक्षक विश्वनाथ तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, रामराज पाण्डेय, कामता पयासी, राकेश वागरी, शिवराज तिवारी, कन्हैया लाल, सुरेश कुमार, प्रधान आरक्षक सत्यनारायण पाण्डेय, महेन्द्र पाल शुक्ला, धुवेन्द्र सिंह, बिलाल खान, शैलेन्द्र पाटले, ठाकुर दास, शिवकरण यादव, महेन्द कुशराम, हीरा सिंह, आरक्षक गिरीश मिश्रा, तरूण गवले, चम्पा सिंह, धर्मेन्द्र नार्वे, वनोद सिंह की भूमिका रही।

# पीएम आवास निर्माण पर दबंगों का कहर

### मैकी मामले का संज्ञान, पकरिया में भटक रहे पीड़ित

**शहडोल।** केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना के शत प्रतिशत क्रियान्वयन में दबंग रोड़े अटका रहे हैं, जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से ऐसे मामले आये दिन विभिन्न थानों और मुख्यालय में पहुंच रहे हैं, जिनमें दबंगों का निशाना सबसे अधिक बैगा जनजाति के लोग बन रहे हैं। ग्राम मैकी में दबंगों के कहर से रूके प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण के मामले को तो, संभागायुक्त ने संज्ञान में लेकर निर्देश जारी कर दिये, लेकिन बुढ़ार थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया में दबंगों ने निर्माणाधीन आवास की बीम तोड़ दी, यही नहीं पीड़ति को धमकियां भी दी गई, मामले की शिकायत स्थानीय थाने में भी की गई, लेकिन पुलिस अभी तक इस मामले से किनारा किये हुए है।

### यह हुआ पकरिया में

ग्राम पकरिया के गौकरण बैगा उर्फ कल्लू पिता केमला बैगा जो वार्ड क्रमांक 19 समदाटौला पकरिया का रहने वाला हैं, उसने पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी है कि उसे प्रधानमंत्री की विशेष बैगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 23-24 में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था और निर्माण कार्य शुरू किया। आवास निर्माण कार्य शुरू करने के पश्चात ही गाँव के कुछ दबंग प्रकाश यादव उर्फ पूरू, ललाउ यादव पिता स्व. मुन्नी यादव निवासी समदाटोला व लखन यादव एवं उसका पुत्र प्रेमलाल यादय उर्फ भम्भोल निवासी जल्दीटोला के द्वारा मेरे निर्मित आवास का बिम तोड दिया गया था, जिसकी सूचना मैंने बुढार थाने में दी थी, अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई है, किसी तरह से मैंने आवास निर्माण का कार्य करने की पूर्ण सहमति बनाई, किन्तु उन दबंगों के द्वारा पुनः मेरे घर आकर मुझे गाली-गलौज करते हुए मारने की धमकी दी है। पीड़ति ने यह भी शिकायत दी है कि उसे तथाकथित लोगों से जान का खतरा बना हुआ है।



### कमिश्नर ने जिंप सीईओ को दिये निर्देश

कमिश्नर बी.एस. जामोद को सोहागपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत मैकी की श्रीमती सुलखी बाई बैगा ने आवेदन करते हुए बताया था कि उन्हें अपने निजी पुश्तैनी भूमि जिसका खसरा नंबर 550 / 6 रकबा 0.53 डिसमिल है, पूर्व में आवास स्वीकृत हुआ था। इस भूमि में आवास बनाने पर गांव के कुछ लोगों द्वारा गतिरोध उत्पन्न किया जा रहा है। तथा आवास का कार्य प्रारंभ करने पर उन्हें धमकी दी जा रही है। कमिश्नर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को निर्देश दिए की श्रीमती सुलखी बाई को आवास बनाने में आ रही गतिरोध को दूर करें। कमिश्नर के निर्देश पर अधिकारियों के दल ने ग्राम मैकी पहुंचकर श्रीमती सुलखी बाई बैगा के आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया।

# पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता पर हुआ कार्यक्रम



**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में अध्यनरत एमए द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों एवं भूगोल परिषद द्वारा पर्यावरण जागरूकता एवं संरक्षण पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रजाति के पौधे जिनमें ऐरेका पाम, रबड़, सोन ऑफ इंडिया, ड्रफन बीजिया, स्पाइडर प्लांट, लेपर्ड लिली,डेसिना, सिंघोनियम, सेफेडोरा, फर्न, होस्टा, लिली ऑफ़ द वेली, बैरनवोर्ट,विनका माइनर आदि विभाग में उपलब्ध कराये। पर्यावरण संरक्षण में इन पौधों का महत्व गुणवत्ता व उपयोगिता की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने पौधों के रखरखाव एवं संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो आशीष तिवारी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को अब तक हुए नुकसान को पूरा करने के लिए सामूहिक जागरूकता एवं भागीदारी आवश्यक है पर्यावरण संरक्षण एक संकल्प और समर्पण का मुद्दा है। हम सभी को इसमें योगदान देना और अपने व्यवहार में पर्यावरणीय सुधार लाना होगा। इस कड़ी में छात्रों की इस पहल की उन्होंने सराहना की। भूगोल विभाग की अध्यक्ष प्रो सुनीता बाथरे ने कहा कि पर्यावरण चेतना का अंग और विस्तार है इसके बिना हमारे अस्तित्व पर संकट है। कार्यक्रम का संचालन डॉ.मुनीश सिंह नेगी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. सौरभ शिवा ने किया। इस अवसर पर डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. जितेंद्र सेन, दिलीप मिश्रा, अजय सिंह पटेल, दीपेश पारस, कुवंर बहादुर सिंह, अशोक कोल एवं भूगोल परिषद की अध्यक्ष संध्या सिंह तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# गेहूं उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाएं सुधारें : कमिश्नर



**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस. जामोद ने अधिकारियों को गेंहू उपार्जन केन्द्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं तथा गेहूं उर्पाजन केन्द्रों में किसानो के लिए समुचित व्यवस्थाएं करने के भी निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने नागरिक आपूर्ति निगम एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे गेहूं उपार्जन केन्द्रों से परिवहन के कार्य में लगी एजेन्सियों से चर्चा करें तथा उपार्जन केन्द्रों से गेहूं का परिवहन तेजी से कराएं। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी उपार्जन केन्द्रों में किसानों को राशि का भुगतान समय सीमा में सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने उमरिया जिले में परिवहन का कार्य कम होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्रों से गेहूं के परिवहन का कार्य तेजी से किया जाए। कमिश्नर बी.एस. जामोद सोमवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में कमिश्नर ने दगना प्रथा को रोकने के लिए एक्शन प्लान बनाने के निर्देश संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास को देते हुए कहा कि दगना प्रथा को रोकने के लिए एक्शन प्लान बनाकर परिणाम मूलक कार्य किए जाएं। कमिश्नर ने कहा कि दगना प्रथा को रोकने के लिए हमारा लक्ष्य छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर केनद्रित होना चाहिए, ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे बच्चों के स्वास्थ्य की सतत मानीटरिंग होनी चाहिए। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अमले आशा कार्यकर्ताओं को सतत रूप से कार्य करने के लिए ताकित करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को निमोनिया होने पर उसे तत्काल उपचार मुहैया कराने के लिए कार्यवाही करें तथा दगना प्रथा के प्रति लोगों को जागरूक करें। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए कि कुपोषण रोकने के लिए आंगनबाडी केन्द्रों के माध्यम से बच्चों को पोषण आहार और संदर्भ सेवाएं सतत रूप से उपलब्ध कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि इस कार्य की सतत निगरानी होनी चाहिए।

कमिश्नर ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों द्वारा दी जा रही संदर्भ सेवाओं की सतत रूप से मानीटरिंग होनी चाहिए। इस कार्य में महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं पर्यवेक्षक अहम भूमिका निभाएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं

# निराशाजनक परीक्षाफल के जिम्मेदार प्राचार्यों पर होगी कार्रवाई

**शहडोल।** संभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय स्कूलों के 10 वीं 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं के नतीजों की समीक्षा करने मंगलवार को कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।जिसमें केवल अनूपपुर जिले की स्कूलों के नतीजे संतोषप्रद रहे शेष उमरिया व शहडोल की स्कूलों के हाल बे हाल रहे। इस पर कमिश्नर ने नाराजगी जताई और कहा कि शैक्षणिक गतिविधियों के प्रति लापरवाही बरतने वाले प्राचार्यों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कमिश्नर ने भी एक औपचारिक प्रक्रिया पूरी कर अपने सिर का ठीकरा उतार दिया। शहडोल जिले की स्कूलों की हालत तो यह है कि जिला शिक्षा अधिकारी और बुड़वा स्कूल के प्राचार्य फूलसिंह मारपाची की स्कूल का ही रिजल्ट 28 फीसदी है। जो कि 33 फीसदी से काफी कम है। जब डीईओ की स्कूल का यह हाल है तो अन्य स्कूलों की बात ही क्या? पूरे जिले की स्कूलों का शैक्षणिक वातावरण बिगड़ा हुआ है। एसी ट्रायबल, डीईओ, बीएसी, सीएसी, बीइओ कहने को तो अफसरों की पूरी जमात है लेकिन शिक्षा के गुणवत्ता की मॉनीटरिंग करने और शालाओं की समस्याओं का निदान करने कोई नहीं पहुंचता और न ही स्कूलों से किसी का सरोकार है। हालत यह है कि अधिकारियों की तो बात ही और है संविदा कर्मचारी भी अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में नहीं पढ़ाते।



## खबर संक्षेप

### ब्योहारी में संगीतमयी श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन

**ब्योहारी।** (गायत्री मंदिर) सामने दिनांक 01/05/2024 से 09/05/2024 तक होने जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन श्री राम कथा समिति ब्योहारी द्वारा आयोजित कराया जा रहा है। कार्यक्रम मे कथा का वाचन परम श्रद्धेय स्वामी साकेत बिहारी शरण जू महराज (महंत : श्री संत कुंज आश्रम - सतना ) द्वारा अपनी अमृत वाणी से श्री राम कथा का रसपान कराया जायेगा। समिति के लोगों द्वारा नगर एवं आस पास के सभी भक्तो एवं श्रद्धांलुओं से दिनांक 01/05/2024 को दोपहर 4 बजे से शायं 8 बजे तक रोज तारीख 09/05/2024 संगीतमय राम कथा महा महोत्सव का समापन एवं 10/05/2024 को आयोजित विशाल भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा अनुरोध है की नगर व ग्रामीण महिला पुरूष बच्चे बच्चियो प्रसाद लाभ लेने केशरवानी धर्मशाला मे पधारने कृपा करें।

### कन्या के विवाह हेतु युवा संघ ने किया विशेष योगदान

**अमलाई।** परिषद बकहो अंतर्गत एक कन्या के विवाह हेतु विशेष योगदान दिया गया और विवाह संम्पन्न कराया गया नगर परिषद बकहो अन्तर्गत ओपीएम युवा संघ ईएसआई चौक द्वारा जरूरतमंद कन्या के विवाह में योगदान कर मिसाल पेश की है। बता दे कि यह वही युवा संघ है जिसने कोरोना काल मे रोजाना लगभग 500 लोगो के भोजन की व्यवस्था की जाती थी संघ के नागेंद्र दुबे (शंखु) ने बताया की आज भी संघ हर जरूरतमंद के मदद के लिए तत्पर्य रहती है और उनकी हर प्रकार से मदद करने का प्रयास करती रहेगी बता दे कि सांस्कृतिक कार्यक्रमो में भी संघ की भूमिका सराहनीय रहती है। समय समय पर आयोजन किया जाता रहता है जिसमे सभी का सहयोग रहता है। शंखु ने बताया कि किसी भी जरूरतमंद को यदि आवश्यकता हो तो वह संपर्क करें। जिनकी हर संभव मदद की जाएगी।

### विद्यार्थियों को आज कलेक्टर करेंगी सम्मानित

**रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह एक मई को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता ने सभी संबंधित संस्था प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि संबंधित विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों को भी उक्त सम्मान समारोह में उपस्थित होना सुनिश्चित कराएं।

### सर्राफा व्यापारी के साथ मारपीट कर लाखों की हुई लूट

**रीवा ।** जिले के समान थाना क्षेत्र में सोमवार शाम लगभग 8:00 बजे एक बार फिर लूट की बड़ी वारदात घटित का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार सर्राफा कारोबारी मंगलेश्वर प्रसाद सोनी दुकान बंद कर घर जा रहा थे। तभी फोर व्हीलर वाहन सवार चार बदमासो ने रोक कर उसके साथ मारपीट की और सोने चांदी के जेवर से भरा बैग लेकर रफू चक्कर हो गए।घटना की जानकारी के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घायल फरियाद में मंगलेश्वर प्रसाद सोनी का कहना है मेरे गांव के ही बाहर ही मेरी दुकान है। सोमवार को दुकान बंद करके मैं अपने घर की ओर जा रहा था। तभी फोर व्हीलर एसयूवी वाहन से कुछ बदमाश आए और मेरे सामने गाड़ी लगाकर मेरे साथ मारपीट किए और 10 से 15 लाख रुपए कीमती जेवर बैग लेकर फरार हो गए। पूरे मामले में पुलिस छानबीन शुरू कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# ठेका कंपनियां बन रहीं गुलामी का केन्द्र

## आधी मजदूरी में पूरा काम, मजदूरों से गुलामों जैसा बर्ताव

**एसईसीएल सोहागपुर एरिया में निजी कंपनी व ठेकेदार के द्वारा बंगवार, खैरहा, दामिनी माइंस में कार्यरत ठेकेदारी कर्मचारियों को हाई पावर कमेटी की अनुशंसा के तहत वेतन व पीएफ राशि निकालने हेतु आवेदन के बावजूद पीएफ राशि का भुगतान।**




**बुढ़ार।**

यह भी आरोपित किया गया है कि पूरा मेहनत करने के बाद भी निजी कंपनी व ठेकेदार द्वारा कर्मचारीयों को आधा पेमेंट मिलता है इसके बाद भी कर्मचारी सच बताने से डरते हैं क्योंकि सच बताने पर उन्हें नौकरी से हटा दिया जाता है।

ऐसे कर्मचारी खदानों में खून पसीना कड़ी मेहनत के बाद भी कंपनी रूल के अनुसार प्रतिदिन का पेमेंट निजी कंपनी व ठेकेदार के मार्फत काम करने वाले कार्यरत कर्मचारियों को भलीभांति मालूम रहता है कि हमारा पेमेंट प्रतिदिन एक हजार से ऊपर होता लेकिन माह मे जब पेमेंट निकाले हैं देखकर सोचते हैं काश हमें हमारी मजबूरी पूरा मिल जाता लेकिन ऐसा होता नहीं उन्हें आधा पेमेंट से ही गुजारा करना पड़ता है। आधा पेमेंट काम देने वाला ले लेता है। सच्चाई यही है। लेकिन आधा पेमेंट पाने वाला कर्मचारी की मजबूरी है कि सच बताने पर उसकी नौकरी को खतरा हो जाता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि आजादी के बाद भी गुलामी की जिंदगी जीने को मजबूर है ठेका मजदूर।

### आधा वेतन पूरा काम

कोल कंपनी के द्वारा निर्धारित वेतन से आधा दिया जाता है। कंपनी कर्मचारियों का पेमेंट खाते में डालती है लेकिन खून पसीने की कमाई उनकी मेहनत का पैसा वापस ठेकेदार को देना पड़ता है ना देने पर दूसरे दिन से उस कर्मचारी का खदान में काम के लिए जगह नहीं मिलती इस डर से कर्मचारी कुछ भी बताने से भी डरे रहते हैं जितना पेमेंट मिल गया उतने में संतुष्ट खुश हैं। प्रबंधन इस संबंध में जान कर भी अंजान है ठेकेदार हो रहे मालामाल ट्रेड यूनियन ने पूर्व में अपने डेलिकेशन मे यह आरोपित किया कि प्राइवेट कंपनी के द्वारा श्रमिकों का शोषण हो रहा है उनका निर्धारित वेतन ठेकेदार मजदूरों को मिलना चाहिए लेकिन ठेकेदारी की मनमानी किसी का जोर नहीं चल रहा है अंजान ठेकेदार मजदूरो का है बुरा हाल।

### कौन करेगा उद्धार

आखिर इन अनपढ़ कर्मचारियों की मेहनत की कमाई पर डाका डालने वाले से मुक्त कौन कराएगा कर्मचारियों का हक का पैसा कौन पूरा दिला पाएगा यह प्रश्न कर्मचारियों के जहन में तो है लेकिन जुबान में नहीं आता घबराए हुए हैं इस सच्चाई से पर्दा कौन उठा पाएगा सोहागपुर एरिया में ऐसा कोई नेता ईमानदार है जो कर्मचारियों खून पसीने मेहनत की कमाई का हक दिला सके। शायद नहीं है तभी तो ठेका मजदूर गुलामी की जिंदगी जी रहे हैं। ठेकेदार मजदूरों की माने तो उन्हें पूरा माह उनसे काम नहीं लिया जाता जितना पेमेंट बंता है उस मेहनत की कमाई से भी ठेकेदार को वापस करना पड़ता है। श्रमिक नेता, राम सिंह ने कहा कि ठेकेदार मजदूरों का कर रहे शोषण बंद करें और हाई पावर कमेटी द्वारा निर्धारित वेतन दिया जाए अन्यथा जल्द कडा कदम उठाया जाएगा प्रबंधन इस ओर ध्यान दें।

### हर तरह शोषण

ठेकेदार मजदूरों को मेडिकल सुविधा से संचित है रहने के लिए क्वार्टर की व्यवस्था तक नहीं किया गया है ठेकेदार मजदूरों का हर तरह से शोषण हो रहा है जिस पर किसी तरह का आवाज उठाने वाले श्रमिक संगठन के नेताओं के भी जोर अब नहीं चल रही है बेचारे वक्त के मारे अब कौन करेगा इनका बेड़ा पार।



# राहगीरों को शीतल जल पिलाकर

## लीनेस क्लब ने किया प्याऊ का शुभारंभ

**बुढ़ार।**

अप्रेल,मई की भीषण गर्मी में लोगों और राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए लीनेस क्लब के द्वारा चार्टर डे के अवसर पर अटल द्वार के समीप प्याऊ की व्यवस्था की गई। जहां लोगों को पीने के लिए ठंडा पानी मिल सके इसलिए मटकों की व्यवस्था की गई है और मटकों के नीचे रेत बिछाई गई जिससे मटकों का पानी ठंडा रहे।और पानी पिलाने के लिए सेवादार की व्यवस्था भी की गई।

पानी प्याऊ का शुभारंभ किया गया जहां राहगीरों को गुड़ और चना का वितरण किया गया। मटके का ठंडा पानी पीकर राहगीरों ने राहत भरी सांस ली। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष लाइनेस अर्चना ओझा,सचिव लीनेस अंजू दुआ एवं अन्य लीनेस बहनें डा.आशा अग्रवाल,नागमणि मैम, रजनी जैन,स्नेहलता गुप्ता,ज्योति खनूजा,मोनिका अग्रवाल,प्रतिमा जैन, अंजू अग्रवाल,आरती खनूजा,श्यामा गुप्ता एवं अंजली मिश्रा की उपस्तिथि रही।

### खाद्य सुरक्षा से संबंधित प्रकरणों में अनावेदकों को उपस्थिति के निर्देश

**रीवा ।** खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न दूकानों, प्रतिष्ठानों व फार्मों की जांच की जाकर कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवेदकगणों को उपस्थिति के निर्देश दिये गये थे परन्तु आवेदकों के अनुपस्थित रहने के कारण प्रकरण कई वर्षों से लंबित है। उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा संबंधित दूकानों, प्रतिष्ठानों व फार्मों के आवेदकों को 6 मई 2024 को अपर कलेक्टर न्यायालय में उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

# झूठे साबित हो रहे नगर विकास के दावे

## कोयला नगरी के तिराहे, चौराहे दुर्दशाग्रस्त

**बुढ़ार।**



नगर पालिका में जितने भी अधिकारी और नेता कुर्सियों पर आसीन हुए सभी ने लगातार विकास के दावे किए हैं, इन दावों में कितनी सच्चाई है और विकास का स्तर क्या है, लोगों को इसका कितना लाभ मिला है, इस बात पर यदि गौर किया जाए तो नतीजा शून्य ही नजर आएगा। इसका जीता जागता प्रमाण नगर के उपेक्षित तिराहे चौराहे हैं। नगर का हृदय स्थल ही जब सुव्यवस्थित न हो तो फिर सौंदर्यीकरण क्या मतलब फिर भी दावे किये ही जाते रहे हैं।

### महीनों बंद पड़ा फव्वारा

नगर पालिका वार्ड नंबर 1 नेहरू चौक धनपुरी, बुढार मेंन रोड होने के चलते जहां दिन रात छोटे बड़े वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। संकीर्णता के कारण आए दिन ट्रैफिक की अव्यवस्था देखी जाती है वही शाम होते ही चौपाटी का रूप ले लेती है जहां गाड़ी अवस्थित खड़ी होती है जिससे एक्सीडेंट होने की संभावना बनी रहती है। नगर पालिका के द्वारा बैठकी की उसूली की जाती है और ठेला रखने की छूट दी जाती है वही नेहरू चौक में वर्षों पूर्व फुब्वारा लगाया गया था जो काफी समय से बंद पड़ा है।

### आजाद चौक की लाइट बंद

आजाद चौक नगर का हृदय स्थल कहा जाता है आजाद चौक को देखकर नगर का विकास का अंदाजा स्वयं लगाया जा सकता है आजाद चौक में चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा लगाई गई है उसके चारों ओर गंदगी, फव्वारा लगाया गया है जिसका पानी बदले ना जाने के चलते दुर्गंध फैल रही है। फव्वारे के चारों ओर रंग बिरंगी लाइट लगाई गई थी जो एक बार जली फिर दोबारा नहीं चालू नहीं हुआ। फब्बारा के आसपास टाइल्स व टूटी फूटी रोड आए दिन लोग गिरते पढ़ते हैं।

# शहडोल: इन्द्रानगर में चल रही कोल साइडिंग बंद करने का आदेश

**अमलाई।** अमलाई रेलवे स्टेशन के समीप इंद्रानगर बस्ती में चल रही कोल साइडिंग को बंद करने का आदेश जारी किया गया है बता दे कि बीते कई वर्षों से इंद्रानगर वासियों द्वारा साइडिंग बंद करने हेतु शासन से गुहार लगाई जा रही थी जिसको लेकर बीते वर्ष इस मामले को हाई कोर्ट के संज्ञान में भी लाया गया था जिसके बाद 25 अप्रैल को हाई कोर्ट द्वारा इंद्रानगर में संचालित कोल साइडिंग को लेकर बंद करने के आदेश जारी किया गया है।



हाई कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा दिनांक 20.11.2020 को दाखिल जवाब से संकेत मिलता है कि बंद करने का आदेश जारी कर दिया गया है। इसके बावजूद गतिविधियां होती रही हैं। इसलिए, उत्तरदाताओं/राज्य और उसके प्राधिकारियों और रेलवे प्राधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया जाता है कि बंद करने का आदेश अक्षरशः लागू किया जाए और कोयला से सम्बन्धित कोई और गतिविधि तत्काल प्रभाव से न हो।

### 20 वर्षों से झेल रहे समस्या

नगर परिषद बकहो अंतर्गत आने वाला इंद्रानगर के रहवासी बीते 20 वर्षों से कोल डस्ट की समस्या झेल रहे है। कोल साइडिंग में कोयला लोडिंग और अनलोडिंग के दौरान भारी मात्रा में डस्ट उड़ता है जिसकी परत लोगो के घरो में जमी रहती है। और कोल डस्ट से बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। रहवासी क्षेत्र में संचालित कोल साइडिंग में प्रदूषण नियमों का पालन नही किया जाता था पीसीबी के जांच में जिसका उजागर भी हो चुका था पानी सिंचाई हेतु स्प्रिंगकलर और अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध नही थी या खराब हो चुकी थी। कोल साइडिंग के विरोध में इंद्रानगर के रहवासियों ने कई बार विरोध किया जिसमे महिलाएं सबसे ज्यादा पीड़ित थी।

### 2020 में पीसीबी ने जारी किया था क्लोजर आदेश

वर्ष 2020 में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जांच उपरांत कमियां पाई गई थी जिसके बाद रेलवे और अन्य संबंधित विभागों को इंद्रानगर में संचालित कोल साइडिंग बंद करने का आदेश जारी किया गया था। किंतु आदेश के बाद भी साइडिंग संचालित की जा रही थी। रेलवे मंडल बिलासपुर को पत्र लिखकर पीसीबी ने बंद करने आदेश जारी किया था किंतु फिर भी रेलवे द्वारा अबतक साइडिंग को लेकर कोई ठोस कदम नही उठाया गया।

# आज मई दिवस मनाने बैठक का आयोजन किया गया

**शहडोल।**

28 अप्रैल 2024 को एल आई सी मंडल कार्यालय में जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल, शहडोल की गई जिसमें मई दिवस को मनाने के लिए रूपरेखा तैयार करने हेतु आयोजित की गईं।

बैठक में यह निर्णय लिया गया की 1 मई 2024 को शाम 5:30 से शहडोल में ट्रेड यूनियन काउंसिल के आह्वान पर इंदिरा चौक से एक रैली निकलेगी जो गुरु नानक चौक, गांधी चौक होते हुए रघुराज स्कूल के सामने एक सभा में तब्दील होगी।



बैठक मे एल आई सी से अधिकारी संघ, विकास अधिकारी संघ, अभिकर्ता संघ एवं sdieu के साथी, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन MPMSRU, mpeb से जनता यूनियन, बीएसएनल एम्पलाइज यूनियन ,सीटू से आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता ,जीआईसी के कर्मचारी संगठन, मध्य प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन, प्रगतिशील लेखक संघ एवं हिंदी साहित्य सम्मेलन के साथी, ऑटो चालक संघ, संविदा स्वास्थ्य कर्मी फुटपाथ एवं ठेला श्रमिक संघ के प्रतिनिधि बैठक में हिस्सा लिए।

# शादी की छुट्टी में आए सेना के जवान की दुर्घटना में हुई मौत

**रीवा ।** जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को बीड़ा नहर से बुलेट गाड़ी मे सवार हो कर जा रहे युवकों की नहर में गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक बृज किशोर साकेत निवासी बभनी अजमेर थाना सेमरिया का रहने वाला था। जिसका विवाह 21 अप्रैल को हुआ था। बृज किशोर सेना में सैनिक के रूप में पदस्थ थे जिसकी शादी में बुलेट मिली थी। उसी बुलेट से अपने परिचित विपिन पाण्डेय के साथ रीवा रेलवे स्टेशन से अपने घर आ रहे थे। स्टेशन से आते समय रात्रि गरीब 12:00 बजे बकिया बैराज की बीड़ा में नहर में मोटरसाइकिल अनियंत्रित हुई। और दोनों व्यक्ति नहर में जा गिरे जिसमें दोनों की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है।

### इनका कहना है

सेमरिया थाना अंतर्गत कस्बे के एक नहर में मोटरसाइकिल में सवार दो व्यक्ति नहर में गिर गए नहर में पानी नहीं था जिसकी वजह से उनकी मौत हो गई मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है

उमेश प्रजापति
एसडीओपी सिरमौर रीवा

# पाइप लाइन फूटने से नहीं मिल रहा था नलजल का पानी, पार्षद ने ठीक कराया

**अमलाई।**

भीषण गर्मी मे क्षेत्र में पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर रही है हैंड पम्प भी कुछ ही जो चालू हालात में है अधिकांश हैंडपम्प खराब हो चुके है या मरम्मत की राह देख रहे है ऐसे में नलजल का पानी ही एक सहारा बना हुआ है किंतु वह भी पर्याप्त रूप से नही मिलने के कारण लोगो को भीषण गर्मी में काफी समस्या झेलनी पड़ रही है नगर परिषद बकहो के वार्ड क्रमांक 4 में पिछले 7 माह से मंगल भवन के पास पानी की पाइपलाइन फूटी हुई होने के कारण पूरा पानी बह जा रहा था जिसके कारण पानी की टंकी नहीं भर पा रही थी जिससे लोगो तक पर्याप्त पानी नही पहुंच पा रहा था जिसके कारण पूरे क्षेत्र में पानी की विकराल समस्या बनी हुई थी जिस पर नगर परिषद द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा था पंप हाउस का मोटर 24 घंटे चलते रहता है फिर पानी की समस्य व्याप्त थी।



जिसको संज्ञान में लेते हुए जब वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद सरोज यादव द्वारा पानी के टंकी का निरीक्षण किया गया तो पता चला कि मोटर तो 24 घंटा चलता है मगर टंकी तक पानी नहीं पहुँच रहा था। जिसकी जानकारी इंजीनियर को दी गई बताया की पूरा पानी मंगल भवन के पास पाइप लाइन फूट जाने की वजह से व्यर्थ में बह रहा है जिसके कारण यह समस्या आ रही है लगभग 7 माह से वह पाइप लाइन फटी हुई थी जिसको किसी ने संज्ञान में नही लाया।

नगर परिषद बकहो के वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद सरोज यादव ने फटी हुई पाइप लाइन देखने के उपरांत फटी हुई पाइप लाइन का मरम्मत कार्य कराया गया और दूसरा पाइप लगाया गया। जिससे भीषण गर्मी में लोगो को पर्याप्त पानी मिल सके।

## खबर संक्षेप

### अनुभव सिंघल ने जिले को किया गौरवान्वित



**अनूपपुर।** 23 वर्षीय अनुभव सिंघल ने ऑल इंडिया बार एक्जामिनेशन पास कर अनूपपुर जिले को गौरवान्वित किया है। इनका जन्म 23.03.2001 को अग्रवाल परिवार में हुआ था पिता राजेश अग्रवाल जहां आरईएस विभाग में कार्यरत हैं तो वहीं माता माया अग्रवाल ग्रहणी हैं इनकी प्रारंभिक शिक्षा सेंट्रल पब्लिक स्कूल राजेन्द्रग्राम में संपन्न हुई तत्पश्चात कल्याणिका निकेतन अमरकंटक में आगे की पढ़ाई पूरी की। इसी बीच 10वीं में इनका सेलेक्शन केन्द्रीय विद्यालय झगराखांड छ.ग. के लिये हो गया 12 वीं के बाद दिल्ली स्थित तारा इंस्टीट्यूट में एलएलबी व क्लेट की कोचिंग करते रहे पहली बार के काउंसलिंग में लातूर दूसरे में मुंबई का थाणे एवं तीसरी कांउसलिंग में इन्हे बिलासपुर का दिशा कॉलेज मिला और आगे की पढ़ाई पूरी कर जबलपुर उच्च न्यायालय में विगत एक वर्ष से प्रैक्टिस करने लगे इसी बीच ऑल इंडिया बार एक्जामिनेशन उत्तीर्ण कर सर्वोच्च न्यायालय में वकालत करने का रास्ता बना लिया है। इनकी इस सफलता पर अनूपपुर समेत आसपास के लोगों ने बधाईयां दी है।

### डीईओ ने जारी किया शोकॉज नोटिस

**अनूपपुर।** नवीन शैक्षणिक सत्र में निजी विद्यालयों के शैक्षणिक व्यवस्था शुल्क में वृद्धि, गणवेश तथा पुस्तक क्रय संबंधी शासन दिशानिर्देशों के अनुरूप कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के संबंध में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर जिले के अनुविभागीय दण्डाधिकारियों, राजस्व अधिकारियों के द्वारा जहां एक ओर निजी विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी और उनकी टीम द्वारा जिले के अशासकीय विद्यालय सन राइज कॉनवेन्ट स्कूल निगवानी, नवज्योति उ.मा.वि. कोठी, नवज्योति उ.मा.वि. बिजुरी, दिव्य वैदिक मिशन स्कूल कोतमा, भारत ज्योति उ.मा.वि. विकास नगर कोतमा, जे.ई.एम. उ.मा.वि. जमुना कॉलरी, एकता उ.मा.वि. कोतमा न्यू स्टेला मेरिस इंगलिश मीडियम स्कूल लहरपुर तथा लिटिल स्टेप इंगलिस मीडियम स्कूल अनूपपुर, बाल भारती पब्लिक स्कूल (मोजरबेयर) जैतहरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिक्षण व्यवस्था, शुल्क में वृद्धि तथा गणवेश एवं पुस्तक आदि के संबंध में अवलोकन करते हुए जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान फीस वृद्धि की जानकारी जिला शिक्षा कार्यालय में नही देने, गणवेश की सूची सूचना पटल में व स्थानीय दुकानदारों को उपलब्ध न कराने तथा पर्याप्त कक्ष न होने, खेल मैदान का अभाव होने, पुस्तकालय न होने आदि संबंधी कमियां पाए जाने पर इन निजी शैक्षणिक सस्थाओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर तीन दिवस के अन्दर अपना लिखित स्पष्टीकरण समक्ष में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधितों को चेतावनी दी गई है कि समाधानकारक जवाब प्राप्त नही होने पर संबंधित संस्थाओं के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

### मेधावी विद्यार्थी अन्य विद्यार्थियों के लिए ब्राण्ड एम्बेसडर- कलेक्टर



**अनूपपुर।** पढ़ाई के लिए की गई मेहनत कभी बेकार नही जाती। पढ़ाई जीवन का आधार है। पढ़ाई में लगन और समर्पण से विद्यार्थी अपना मुकाम हासिल कर सकते हैं। पढ़ाई के लिए की गई मेहनत परीक्षा के परिणाम से परिलक्षित होती है। हर दिन कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है। गाँव का एक भी बच्चा उच्च शैक्षणिक पायदान तय करता है, तो वह ब्राण्ड एम्बेसडर के रूप में दूसरों के लिए प्रेरणादायी होता है। उक्ताशय के विचार कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित कक्षा 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं व 12 वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों तथा बोर्ड परीक्षाओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्यों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

## कम वोटिंग हुई तो मंत्री पद जाने की चेतावनी के बाद भाजपा में मची खलबली

# खतरे में कुटीर राज्य मंत्री की कुर्सी

**डेंजर जोन मे कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल**

**पिछले लोकसभा के मुकाबले इस बार कोतमा मे 8.01 प्रतिशत कम हुआ मतदान**

**कोतमा मे विधानसभा चुनाव की अपेक्षा लोकसभा मे 14 फीसदी वोटिंग की गिरावट**





**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश में दो चरणों की वोटिंग के बाद भाजपा सरकार के मंत्री टेंशन में हैं। लोकसभा चुनाव में कम वोटिंग के बाद उन्हें अमित शाह का बयान याद आ रहा है। शहडोल संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कोतमा विधानसभा मे 2019 के मुकाबले 2024 के आम चुनाव मे 8.01 प्रतिशत तो विधानसभा के मुकाबले लोकसभा में 14 प्रतिशत कम मतदान होने के बाद प्रदेश के कोतमा विधानसभा से विधायक व प्रदेश मे कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल का नाम भी डेंजर जोन मे शामिल हो गया है जिससे अब उनकी कुर्सी पर खतरा मंडराने लगा है।

2014 और 2019 में वोटिंग के प्रति लोगों में जितना उत्साह देखा गया था 2024 में उत्साह में कमी देखी जा रही है। लोकसभा चुनाव 2024 में दो चरणों का मतदान पूरा हो चुका है। अब तक 13 राज्यों में मतदान की प्रकिया पूरी हो चुकी है। दोनों चरणों में 2019 की तुलना में कम वोटिंग हुई। इसके बाद कम वोटिंग को लेकर विपक्ष लगातार मोदी सरकार पर हमलावर है। इस बीच मध्य प्रदेश में भी अब तक 12 सीटों पर मतदान हो चुका है। कम वोटिंग के बाद अमित शाह के बयान वाला वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहा है। जिसमें वे कहते हुए नजर आ रहे हैं कि जिन मंत्रियों के क्षेत्र में कम वोटिंग होगी उनको मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ सकता है। बदले में उन विधायकों को मंत्री बनाया जाएगा, जिनके क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। हालांकि, अमित शाह ने ये नहीं बताया कि कितने फीसदी कम वोटिंग पर मंत्रियों का पद जा सकता है। ऐसे मे हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया है कि 12 मंत्रियों के क्षेत्र में 8.5 प्रतिशत कम वोटिंग हुई है, इसमे कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल का नाम भी शामिल है।

### लोकसभा मे 8.01% तो विधानसभा की तुलना मे 14% कम हुआ मतदान

2019 के आम चुनाव मे कोतमा विधानसभा मे जहां 72.14 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था वही 2024 के आम चुनाव मे यह 8.01 प्रतिशत कम होकर 64.13 फीसदी तक आ गया वही विधानसभा के मुकाबले लोकसभा में 14% कम मतदान हुआ। जिससे अमित शाह के बयान के बाद अब कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री की कुर्सी पर खतरा मंडराने लगा है। शहडोल संसदीय क्षेत्र मे 2019 में जहां 74.73 प्रतिशत मतदान हुआ था वही 2024 में 64.68 प्रतिशत मतदाताओं ने ही मतदान किया। शहडोल संसदीय क्षेत्र अंतर्गत मत प्रतिशत के हिसाब से आठो विधानसभा मे कोतमा विधानसभा चौथे नंबर पर था।

### विधानसभा मे मतदान का अंतर

2019 में हुए लोकसभा निर्वाचन में शहडोल लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कोतमा विधानसभा क्षेत्र में 150008 मतदाताओं में से 108218 मतदाताओं ने मतदान किया था जिसका प्रतिशत 72.14 था। 2024 में हुए निर्वाचन में कोतमा विधानसभा क्षेत्र से 151979 मतदाताओं में 97460 ने मतदान किया है जिसका प्रतिशत 64.13 है। पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2019 में हुए लोकसभा निर्वाचन में 189653 मतदाताओं में से 142027 मतदाताओं ने मतदान किया था जिसका प्रतिशत 74.89 था, 2024 में हुए लोकसभा निर्वाचन में पुष्पराजगढ़ विधानसभा में 203077 मतदाताओं में से 133207 मतदाताओं ने मतदान किया जिसका प्रतिशत 65.59 रहा।

### मंत्री समेत सांसद प्रत्याशियों के विधानसभा मे भी कम वोटिंग

लोकसभा निर्वाचन में राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के साथ ही यहां से निर्वाचित हुए विधायक भी पूरे मन से यहां कार्य नहीं कर पाए। जिसका परिणाम है कि विधानसभा निर्वाचन में जहां लोगों ने बंपर वोटिंग की थी वहीं लोकसभा निर्वाचन में मतदान का यह प्रतिशत काफी नीचे चला गया। अनूपपुर जिले में विधानसभा चुनाव में कोतमा विधानसभा जहां से मंत्री दिलीप जायसवाल हैं वहां भी लोकसभा निर्वाचन में विधानसभा की अपेक्षा मतदान प्रतिशत में काफी कमी देखी गई। जहां 150365 मतदाताओं में 117730 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था जिसका मतदान प्रतिशत 78.30 रहा, वही लोकसभा निर्वाचन में कोतमा विधानसभा क्षेत्र से 151979 मतदाताओं में 97460 ने मतदान किया है जिसका मतदान प्रतिशत 64.13 है। इसी तरह अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र में 2023 में 178311 मतदाताओं में 138486 मतदाताओं ने मतदान किया जिसका प्रतिशत 77.67 रहा जबकि 2024 लोकसभा चुनाव में 180538 मतदाताओं में से 112241 मतदाताओं ने मतदान किया जिसका प्रतिशत 62.17 रहा। पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र जहां से भाजपा तथा कांग्रेस दोनों ही दलों के प्रत्याशी है यहां भी लोकसभा निर्वाचन में विधानसभा की अपेक्षा काफी कमी देखी गई। जहां लोकसभा निर्वाचन में 20377 मतदाताओं में 133207 मतदाताओं ने मतदान किया जिसका प्रतिशत 65.59 रहा जबकि 2023 विधानसभा निर्वाचन के दौरान 200480 मतदाताओं में 160706 मतदाताओं ने यहां मतदान किया था जिसका प्रतिशत जिले में सर्वाधिक 80.16 प्रतिशत रहा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान के बाद कोतमा विधायक, मंत्री दिलीप जयसवाल जरूर चिंतित होंगे क्योंकि इनके क्षेत्र में मतदान कम हुआ है। वहीं, पूर्व मंत्रियों को जो कुछ अपेक्षाएं नजर आ रही थी, उन पर कम मतदान के कारण पानी फिर गया है। यदि समूचे संसदीय क्षेत्र पर नजर डाली जाए तो कुछ हद तक जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र अन्य विधानसभा क्षेत्र की तुलना में अच्छी स्थिति में नजर आ रहा है।

## मुख्यमंत्री के आदेश का खुला उल्लंघन, खुले में बिक रहा मीट

**कोतमा।** नगर पालिका अंतर्गत मुख्यमंत्री के प्रथम आदेश की खुले में मीट एवं अंडे की दुकान नही लगेगी जिसका नगर में खुलेआम उल्लंघन देखने को मिल रहा है। पालिका अंतर्गत जगह-जगह खुले में मांस और अंडे का विक्रय तेजी से किया जा रहा है। वॉर्ड 07 में मांस, मछली और अंडे का विक्रय खुले में किया जा रहा है। सार्वजनिक आम रोड किनारे सुबह से देर रात तक मांस और अंडे का विक्रय किया जा रहा है, लेकिन नगर पालिका के कर्मचारियों की निगाह उक्त खुले में बिक रहे मांस मछली पर नहीं पड़ती है। मुख्यमंत्री के आदेश का खुला



उल्लंघन होने के साथ प्रतिदिन आने जाने वालों को दुर्गंध एवं लज्जित होना पड़ता है। मांस अंडे के विक्रय के कारण सार्वजनिक स्थान पर आना-जाना मुश्किल हो गया है। नगर पालिका द्वारा संरक्षित अवैध मीट बाजार में ग्रीन पर्दा लगाकर खुले में मांस बिक्री को परमिशन दे दी है। वार्ड 7 और वार्ड क्रमांक 03 के मध्य मुख्य मार्ग पर लगने वाली मीट की दुकानों से आम जनमानस बेहद त्रस्त हो चुका है, आम नागरिकों का आक्रोश सोशल मीडिया और गली चौराहे पर देखने को मिल रहा है। कई बार नागरिकों द्वारा शिकायत भी की गई लेकिन नपा द्वारा ओपचारिकता पूरी की जाती है। दुकानदारों द्वारा मछली, मुर्गा एवं बकरा को क्रूरता पूर्वक काटकर बेचा जाता है। जिससे निकालने वाली गंदगी को वहीं सड़कों में छोड़ दिया जाता है, जो दिनभर दुर्गंध का कारण बनता है। कोतमा नगर के विभिन्न वार्डो जिनमे फिल्टर टोला, कलमुडी, बनिया टोला, बंजारी चौक, काली मन्दिर के पास सहित अन्य जगहों में अवैध दुकानें खुल गई है। जिनका कोई पंजीयन भी नही है।

## भाजपा पिछड़ा मोर्चा का जिला महामंत्री महादेव सट्टे एप का निकला वसूली भाई

# सट्टे का जबरन 3 लाख 50 हजार और वसूली के नाम पर लूटी कार

### कोतमा थाने में हुई शिकायत

**अनूपपुर।**

कोतमा अनुभाग में महादेव सट्टा एप मामले में भााजपा पिछड़ा मोर्चा का जिला महामंत्री संजीव जायसवाल पर धोखे से बदरा निवासी अभिलाष पांडेय को महादेव एप का सदस्य बनाते हुए उसके आईडी से सट्टा खेलकर अभिलाष पांडेय ऊपर 3 लाख 50 हजार रूपए का कर्जा डालते हुए डरा धमका कर 1 लाख 50 हजार रूपए नगद लिए जाने तथा कार क्रमांक एमपी 65 सी 5321 को लूट कर ले जाने की लिखित शिकायत कैलाश पांडेय पिता स्व. आत्माराम पांडेय निवासी बदरा द्वारा कोतमा थाना में दर्ज करवाई गई है। इतना ही नही कार लूट लिए जाने के बाद घर वालो के डर से अभिलाष ने घर ही छोडकर भाग गया, जिसके बाद उसकी तलाश करते हुए उसे बिजुरी से पकड़ कर घर लाया गया।




मामले की जानकारी के अनुसार कैलाश प्रसाद पांडेय निवासी बदरा ने कोतमा थाना में शिकायत दर्ज करावई की 16 अप्रैल को मेरा पुत्र अभिलाष पांडेय मेरी स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी 65 सी 5321 को लेकर अपने एक्सरे सेंटर स्लामगंज गया हुआ था, जिसके बाद उसका कोई पता नही चला, जिसकी पता तलाश करने पर मेरा बड़ा पुत्र शैलेन्द्र पांडेय उसे बिजुरी से ढूंढ कर घर लाया। जहां पूछताछ करने पर उसने बताया कि मेरी पहचान संजीव जायसवाल पिता पी.डी. जायसवाल जो कोतमा कोर्ट में वकालत करता है ने मुझे धोखे में रखकर महादेव सट्टा एप का सदस्य बनाकर मेरे नाम की आईडी से सट्टा खेलकर मेरे ऊपर 3 लाख 50 हजार का कर्जा चढ़ाते हुए उक्त पैसों की मांग करता था और उक्त एप की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता था। अभिलाष पांडेय ने बताया कि 16 अप्रैल को मै अपने पिता कैलाश प्रसाद पांडेय की कार लेकर बदरा से कोतमा इस्लागंज एक्सरे पर गया था, जहां संजीव जायसवाल ने मुझे तहसील बुलाया और सट्टा का पैसा देने का दवाब बनाने लगा, जिस पर 1 लाख 50 हजार रूपए नगद दे दिए जाने तथा 2 लाख रूपए बाद में दिए जाने के लिए बोलने पर भााजपा पिछड़ा मोर्चा का जिला महामंत्री संजीव जायसवाल ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए संजीव जायसवाल ने कार की चाभी लूट लिया और पूरे पैसे देने की बात कहकर कार देने की बात कही गई। जहां कार लूट लेने के बाद अभिलाष पांडेय ने घर वालो के डर के कारण घर ही छोड़ कर भाग गया था। पूरे मामले की जानकारी लगते ही अभिलाष के पिता कैलाश पांडेय द्वारा अपने पुत्र अभिलाष से जबरन महादेव सट्टा एप के सट्टे का 3 लाख 50 हजार रूपए मांग करते हुए कार जबरन लूटकर ले जाने तथा अपशब्दो का प्रयोग करते हुए जाने से मारने की धमकी दी गई।

### इनका कहना है

महादेव सट्टे का 3 लाख 50 हजार रूपए जबरन मांगने तथा कार लूट कर ले जाने की शिकायत प्राप्त हुई है, मामले की जांच की जा रही है।

**सुन्द्रेश मरावी**
**थाना प्रभारी कोतमा**

## बच्चों के भोजन में गड़बड़ी करने वाले समूहों पर करें सख्त कार्यवाही- कलेक्टर



### कलेक्टर ने की महिला एवं बाल विकास विभाग के योजनाओं की समीक्षा

**अनूपपुर।**

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मैदानी अमले के साथ आपसी सामंजस्य बनाकर महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए कार्य करें। इसके लिए आंगनबाड़ी, स्कूल एवं गांवों में सर्वे कर हितग्राहियों का चिन्हांकन करें, जिससे गंभीर बच्चों का बेहतर इलाज किया जा सके। उन्होंने कहा कि कोई भी गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चा छुटने ना पाए इसका विशेष ध्यान रखें। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाईजर को स्वास्थ्य विभाग की टीम के माध्यम से अधिक से अधिक बच्चों को लाभ दिये जाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराते हुए चिन्हांकित बच्चों का एनआरसी के माध्यम से लाभ दिलाएं। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर ने स्व-सहायता समूह द्वारा प्रदाय किए जाने वाले पोषण आहार के स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि समय-समय पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी स्व-सहायता समूह में बनने वाले नाश्ता एवं खाना की गुणवत्ता का परीक्षण करें। उन्होंने कहा की गुणवत्ता पर किसी प्रकार की लापरवाही एवं गड़बड़ी बरतने पर संबंधित स्व-सहायता समूह के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों के खाना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में सभी आंगनबाड़ी केंद्र निर्धारित समय अनुसार संचालित हो और गाइडलाइन के अनुसार योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रो के माध्यम से बच्चों, गर्भवती महिलाओं, किशोरी बालिकाओं को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए आंगनबाड़ी क्रेदों में बच्चों की संख्या बढ़ाने और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराए जाए और सेचुरेशन मोड में काम करते हुए इसमें प्रगति लाए।

## संतों ने रूद्र गंगा मंदिर के निर्माण को लेकर की समीक्षा बैठक

**अमरकंटक।**

पवित्र नगरी अमरकंटक के संतों ने पिछले हफ्ते अमर्यादित कार्य जिसमें रूद्र गंगा मंदिर को पूर्णतया तोड़ दिया गया था एवं फिर नगर अमरकंटक के संत समाज ने बैठक कर अपना रोष व्यक्त किया जिस पर प्रशासन ने त्वरित मुद्रा में कार्य प्रारंभ कर मंदिर एवं आश्रम का निर्माण कार्य शुरू कर दिया परंतु लगभग 6 दिवस होने के पश्चात भी कार्य जैसा था वैसा ही है। कार्य में कोई संतोषजनक प्रगति नहीं हुई है।

इसी विषय को लेकर अमरकंटक के संत समाज ने समीक्षा बैठक की आयोजन की जिसमें वन विभाग अमरकंटक के रेंजर एवं एसडीओ पुष्पराजगढ़ उपस्थित रहे तथा संतों ने अपनी बात बैठक में राखी की मंदिर वह आश्रम जल्द से जल्द निर्माण हो जिससे लोगों की आस्था बनी रहे तत्पश्चात वन विभाग के रेंजर सीके श्रीवास्तव ने आश्वासन दिया कि मंदिर एवं आश्रम का निर्माण 10 दिवस के अंदर पूर्ण कर दिया जाएगा।

उक्त संत समाज की बैठक में संत समाज के अध्यक्ष श्रीमंत रामभूषण दास जी महाराज शांति कुटि आश्रम सचिव लवलीन बाबा धारकुंडी आश्रम कोषाध्यक्ष धमानंद जी महाराज कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक



और संत गणों में स्वामी हनुमान दास जी महाराज शिव गोपाल आश्रम सुंदरानंद जी महाराज धुनी दास जी महाराज महादेवानंद जी महाराज वंदे महाराज दिनेश जी शिव खैरवार श्रवण उपाध्याय एवं उमाशंकर पांडेय व अन्य संत एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अनूप सिंह पिता नर्बद सिंह निवासी ग्राम करपा तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश द्वारा एक्सिस बैंक लिमिटेड से मोटरयान लोन मे लिया गया था जिसका वाहन क्रमांक एमपी 65 एए 3466 है। जिसका रजिस्ट्रेशन ट्रांसफर एक्सिस बैंक लिमिटेड के नाम से होना है, अतः जिस भी व्यक्ति को आपत्ति दर्ज करानी हो वह सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अंदर जिला परिवहन कार्यालय अनूपपुर मे उपस्थित होकर दर्ज कराये, उपस्थित न होने की स्थिति मे एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अजय कुमार संत पिता सहदेव प्रसाद निवासी ग्राम अचलपुर तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश द्वारा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से मोटरयान लोन मे लिया गया था जिसका वाहन क्रमांक एमपी 65 एमपी 2144 है। जिसका रजिस्ट्रेशन ट्रांसफर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के नाम से होना है, अतः जिस भी व्यक्ति को आपत्ति दर्ज करानी हो वह सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अंदर जिला परिवहन कार्यालय अनूपपुर मे उपस्थित होकर दर्ज कराये, उपस्थित न होने की स्थिति मे एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुरेन्द्र पिता सालिकराम निवासी वार्ड नंबर 7 बिजुरी तहसील कोतमा जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश द्वारा इंडसइंड बैंक लिमिटेड से मोटरयान लोन मे लिया गया था जिसका वाहन क्रमांक एमपी 65 एच 0178 है। जिसका रजिस्ट्रेशन ट्रांसफर इंडसइंड बैंक लिमिटेड के नाम से होना है, अतः जिस भी व्यक्ति को आपत्ति दर्ज करानी हो वह सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अंदर जिला परिवहन कार्यालय अनूपपुर मे उपस्थित होकर दर्ज कराये, उपस्थित न होने की स्थिति मे एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।